<u>बाजार अर्थव्यवस्था प्रश्नावली</u>
<u>(एमईटी दावे के लिए)</u>

1. सामान्य सूचना

क. <u>कंपनी का ब्यौरा</u>

अपनी कंपनी के बारे में निम्नलिखित ब्यौरे प्रदान करें :

नामः
पताः
दूरभाषः
टेलीफैक्सः
ई-मेलः
वेबसाइटः

और ऐसे व्यक्तियों के नामों का उल्लेख करें, जिनसे सम्पर्क किया जा सके और कंपनी के अंदर उनके कार्यों का उल्लेख करें ।

ऐसे पते का भी उल्लेख करें जहां कंपनी के लेखांकन रिकार्ड स्थित हैं। यदि वे विभिन्न स्थानों पर रखे जा रहे हैं तो यह उल्लेख करें कि किस स्थान पर कौन-सा रिकार्ड रखा गया है।

ख. <u>विधिक प्रतिनिधि</u>

यदि आपने इस कार्यवाही में विधिक प्रतिनिधि, लेखांकन फर्म अथवा किसी अन्य परामर्शदाता को अपनी सहायता के लिए नियुक्त किया है तो उनमें प्रत्येक के लिए निम्नलिखित ब्यौरे प्रदान करें :

विधिक प्रतिनिधि का नाम :
पता :
दूरभाष :
फैक्स :
ई-मेल :

ग. <u>जांच का क्षेत्र</u>

निर्यात के देश में विचाराधीन उत्पाद और जांचाधीन उत्पाद के बीच कोई भिन्नता है तो उसका उल्लेख करें :

2. <u>कारपोरेट संरचना तथा मान्यता</u>

क. कंपनी की प्रचालनीय संरचना का संगठनात्मक चार्ट और विवरण प्रदान करें।

ख. कंपनी की विधिक संरचना का एक संगठनात्मक चार्ट और विवरण प्रदान करें। कंपनी की किसी मूल कंपनी और सहायक कंपनियों तथा कंपनी के साथ संबद्ध सभी अन्य व्यक्तियों को शामिल करें और ऐसे सभी व्यक्तियों का कार्यात्मक और संरचनात्मक विवरण प्रदान करें। कंपनी का विधिक रूप प्रदान करें और यह विनिर्दिष्ट करें कि कंपनी :

[] एक विदेशी (सहयोगी अथवा इक्विटी) संयुक्त उद्यम है,
[ ] एक पूर्ण स्वामित्व वाला विदेशी उपक्रम है,
[ ] देश से बाहर स्थापित एक कंपनी की एक शाखा है,
[] एक पूर्णतः सीमित दायित्व वाली कंपनी है,
[ ] एक राज्य के स्वामित्व (अथवा सभी लोगों के स्वामित्व) वाला उद्यम,
[ ] शेयरों द्वारा सीमित एक कंपनी है,
[ ] एक साझा स्वामित्व वाला उद्यम है,
[ ] एक ऐसी कंपनी है, जिसका राज्य के स्वामित्व से निजीकरण किया जा रहा है,
[ ] कोई अन्य विधिक रूप।

ग. कंपनी के कारोबार का लाइसेंस प्रदान करें। साथ ही, कारोबार शुरू करने से पूर्व विभिन्न सरकारी एजेंसियों से प्राप्त किए गए कंपनी के सभी अनुमोदनों की एक प्रति उपलब्ध कराएं।

घ. कंपनी के ऐसे सभी शेयरधारकों अथवा स्वामियों की सूची दें, जिनके पास कंपनी के शेयरों में से कम से कम 5% शेयर हो। इन प्रत्येक शेयरधारकों अथवा स्वामियों के बारे में बताएं कि क्या वह एक निजी व्यक्ति है, एक कंपनी है, राज्य अथवा एक स्थानीय/क्षेत्रीय प्राधिकरण है। इसके अलावा :

I. यदि वह एक निजी व्यक्ति है, तो कृपया उस व्यक्ति की अपनी राष्ट्रीयता और कोई अन्य राष्ट्रीयता बताएं ;

II. यदि यह एक कंपनी है, तो कृपया उसकी विधिक स्थिति बताएं और यह भी बताएं कि क्या यह स्थानीय व्यक्तियों द्वारा बनाई गई कंपनी है, या एक विदेशी स्वामित्व वाली कंपनी या एक विदेशी स्वामित्व वाली कंपनी के साथ एक संयुक्त उद्यम कंपनी है ;

III. यदि यह स्थानीय व्यक्तियों द्वारा गठित एक कंपनी है, तो बताएं कि क्या यह एक निजी स्वामित्व वाली कंपनी है, एक राज्य के स्वामित्व वाली कंपनी है अथवा स्थानीय/क्षेत्रीय प्राधिकरणों के स्वामित्व वाली कंपनी है ;

IV. यदि यह एक ऐसी कंपनी है, जो राज्य अथवा स्थानीय/क्षेत्रीय प्राधिकरणों के आंशिक स्वामित्व वाली कंपनी है, तो यह स्पष्ट करें कि राज्य अथवा स्थानीय/क्षेत्रीय प्राधिकरण का कितना स्वामित्व है ;

V. यदि यह एक स्थानीय अथवा क्षेत्रीय प्राधिकऱण है, तो ब्यौरे उपलब्ध कराएं ;

VI. यदि यह राज्य अथवा स्थानीय निकाय से निजीकरण की ओर परिवर्तित होने वाली कंपनी है, तो (क) मूल स्थिति, (ख) जांच की अवधि (पीओआई) तक परिवर्तन की प्रत्येक अवस्था के संबंध में सभी संगत ब्यौरे उपलब्ध कराएं ;

कंपनी के कारोबारी लाइसेंस की एक प्रति उपलब्ध कराएं (अंग्रेजी अनुवाद के साथ)।

ङ. कृपया ब्यौरा दें और स्पष्ट करें :

(i) आपकी कंपनी का स्वामी कौन है ?

(ii) आपकी कंपनी का कौन नियंत्रण करता है ?

(iii) राष्ट्रीय, प्रांतीय और स्थानीय सरकारों व उन सरकारों के मंत्रालयों अथवा कार्यालयों के साथ आपकी कंपनी का संबंध बताएं ।

(iv) संबद्ध माल के अन्य उत्पादकों अथवा निर्यातकों के साथ आपकी कंपनी का संबंध? क्या किसी स्वामियों अथवा प्रबंधकों की हिस्सेदारी है ?

च. क्या वह संस्था, जो कंपनी की स्वामी है अथवा नियंत्रण रखती है, वह संबद्ध माल के अन्य उत्पादकों/निर्यातकों की भी स्वामी है अथवा नियंत्रण रखती है। यदि हां तो तत्संबंधी पूरा ब्यौरा दें।

छ. संगम अनुच्छेद और संगम ज्ञापन की एक प्रति उपलब्ध कराएं (एक अंग्रेजी अनुवाद की प्रति के साथ)।

ज. निदेशक मंडल और शेयरधारकों के बोर्ड के सभी सदस्यों की सूची दें। प्रत्येक सदस्य के लिए, बताएं कि वे किसका प्रतिनिधित्व करते हैं, उनके क्या कार्य हैं और उनके मत अधिकार क्या हैं ?

झ. यदि कोई शेयरधारक अथवा कंपनी का निदेशक स्थानीय राष्ट्रीयता का है, तो स्पष्ट करें कि शेयरधारकों की बैठकों और निदेशक मंडल की बैठकों में निर्णय लेने के लिए क्या फोरम है और कितनी संख्या अपेक्षित होती है। क्या ये नियम संगम अनुच्छेदों अथवा अन्य दस्तावेजों में विनिर्दिष्ट हैं ? यदि हां, तो ऐसे दस्तावेजों की एक प्रति उपलब्ध कराएं (अंग्रेजी अनुवाद के साथ)।

ञ. यदि कंपनी किसी अन्य कंपनी की सहायक है अथवा मूल कंपनी स्वयं ही दूसरी कंपनी की एक सहायक कंपनी है तो इसकी मूल कंपनी के दस सबसे बड़े शेयरधारकों की सूची प्रदान करें।

ट. क्या कंपनी एक समूह का एक भाग है। यदि तो माल के विकास, उत्पादन, बिक्री अथवा वितरण को प्रभावित करने वाले सभी कारोबारी अथवा प्रचालनात्मक संबंधों को स्पष्ट करें।

ठ. बताएं कि क्या कंपनी किसी तीसरे व्यक्ति (अर्थात एक परिवार समूह अथवा निदेशक समूह) द्वारा किसी अन्य व्यक्ति के साथ "साझा नियंत्रण" में हैं और/अथवा क्या कंपनी और अन्य व्यक्ति किसी तीसरे व्यक्ति (अर्थात एक संयुक्त उद्यम) के साझा नियंत्रण में है। नियंत्रण वहां है, जहां कोई व्यक्ति कानूनन अथवा प्रचालनात्मक रूप से किसी अन्य व्यक्ति पर नियंत्रण अथवा निर्देशित करने की स्थिति में है। कुछ कारक अलग-अलग अथवा मिश्रित रूप से हैं, जो इस पर प्रभाव डालते हैं कि नियंत्रण

है अथवा नहीं, इसमें उदाहरण के लिए एक कंपनी के वोटिंग स्टॉक का स्वामित्व (मताधिकार सहित), पर्याप्त उधारियां, कारोबारी प्रचालन और साझा अधिकारी, निदेशक अथवा प्रबंधक शामिल हैं। यदि ऐसा कोई संबंध है, तो संबंध की प्रकृति का ब्यौरा दें (अर्थात स्वामित्व का प्रतिशत, साझा अधिकारी/निदेशक)।

ड. सरकार द्वारा किसी विधायी अधिनियमनों अथवा अन्य औपचारिक उपायों का ब्यौरा दिया जाए, जो कंपनी के निर्यात क्रियाकलापों का केंद्रीकृत अथवा विकेंद्रीकृत नियंत्रण करते हैं (अंग्रेजी अनुवाद के साथ) ।

ढ. कारोबारी लाइसेंस और ऐसे सभी सरकारी अनुमोदनों की प्रतियां उपलब्ध कराएं, जो कंपनी को कारोबार करने के लिए आवश्यक है और यह स्पष्ट करें कि,

(i) कौन-सी सरकारी एजेंसी अथवा कार्यालय लाइसेंस जारी करने के लिए जिम्मेदार है ?

(ii) लाइसेंस के प्रयोजन का उल्लेख करें ।

(iii) क्या लाइसेंसों से कंपनी के प्रचालनों पर कोई प्रतिबंध लगता है ? क्या लाइसेंस से कंपनी के लिए कोई पात्रता उत्पन्न होती है ? इन प्रतिबंधों और पात्रताओं का ब्यौरा दें और उन्हें स्पष्ट करें।

(iv) किन परिस्थितियों में लाइसेंस निरस्त किए जा सकते हैं और किसके द्वारा किए जा सकते हैं।

(v) क्या इन लाइसेंसों का नवीकरण किया जाना है? नवीकरण कराने के लिए कंपनी द्वारा क्या कार्रवाई की जानी चाहिए?

ण. भारत और अन्य देशों को संबद्ध माल के निर्यातों पर किसी नियंत्रण का उल्लेख करें और यह स्पष्ट करें,

(i) क्या संबद्ध माल निर्यात प्रावधानों अथवा निर्यात लाइसेंस के बारे में किसी सरकारी सूची पर प्रतीत होता है ? यदि हां तो तत्संबंधी ब्यौरा दें।

(ii) क्या संबद्ध माल पर निर्यात कोटा लागू होता है ? यदि हाँ तो प्रक्रिया का उल्लेख करें, जिसके द्वारा कंपनी ने अपना कोटा प्राप्त किया। क्या कोटा आबंटन की प्रक्रिया

में निर्यात कोटा की मात्रा और कीमतों के निर्धारण में कोई सरकारी भागीदारी शामिल है? कोटा आबंटन की प्रक्रिया स्पष्ट करें।

त. माल के विकास, उत्पादन, बिक्री अथवा वितरण में शामिल आपूर्तिकर्ताओं, ठेकेदारों (उप-ठेकेदारों), ऋणकर्ताओं, निर्यातकों, वितरकों, पुनःबिक्री करने वालों तथा किसी अन्य व्यक्ति का उल्लेख करें। क्या कंपनी केवल एक सिंगल आपूर्तिकर्ता से प्रमुख इनपुट की महत्वपूर्ण मात्रा प्राप्त करती है, कितने लम्बे समय तक कंपनी का उस आपूर्तिकर्ता, ठेकेदार (उप- ठेकेदार), वितरक, निर्यातक अथवा पुनः बिक्रीकर्ता के साथ संबंध रहे, संबंधों की विशिष्टता, इन व्यक्तियों के साथ रहे कंपनी के सभी कारोबारी संबंध और कंपनी तथा अन्य व्यक्तियों (अर्थात निदेशक/प्रबंधक संबंध) के बीच अन्य संबंधों का ब्यौरा दें।

थ. प्रमुख कच्ची सामग्रियों के प्रमुख आपूर्तिकर्ताओं की सूची तथा यदि आपूर्तिकर्ता संबद्ध है तो तत्संबंधी ब्यौरा प्रदान करें।

द. उपयोगी वस्तुओं के प्रमुख आपूर्तिकर्ताओं की सूची और यदि आपूर्तिकर्ता संबद्ध है तो तत्संबंधी ब्यौरा दें।

ध. ऐसे सभी कारोबारी लेन-देन की पहचान करें, जो प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से माल के विकास, उत्पादन, बिक्री अथवा वितरण को प्रभावित कर सकते हैं।

न. निम्नलिखित कानून कंपनी पर किसी हद तक लागू हैं, उन्हें स्पष्ट करें और उनका संदर्भ दें :

- कंपनी कानून
- श्रम कानून
- संयुक्त उद्यम कानून
- लेखांकन नियम अथवा कानून

संगत कानूनों की एक प्रति उपलब्ध कराएं।

3. <u>कारोबारी निर्णय और लागत</u>

(क) संबंधित उत्पाद का निर्माण करने के लिए कच्ची सामग्रियों और अन्य संगत इनपुट की कैसे खरीद की जाती है (अल्प अथवा दीर्घ आवधिक संविदा, स्पॉट मार्केट, विभिन्न कच्ची सामग्रियों के लिए आपूर्तिकर्ताओं की संख्या, स्थानीय रूप से अथवा विदेशों से खरीद की गई इत्यादि)।

(ख) प्रत्येक कच्ची सामग्री के लिए आपूर्तिकर्ताओं के नाम व पतों के बारे में सूचना प्रदान करें। क्या आपूर्तिकर्ता एक प्राइवेट व्यक्ति है, एक कंपनी, राज्य अथवा राज्य उद्यम/एक स्थानीय/क्षेत्री प्राधिकरण है।

I. यदि वह प्राइवेट व्यक्ति है, तो क्या इस व्यक्ति की स्थानीय राष्ट्रीयता है अथवा कोई अन्य राष्ट्रीयता है ;

II. यदि वह कोई कंपनी है, तो क्या यह एक स्थानीय कंपनी है, एक विदेशी स्वामित्व की कंपनी अथवा एक विदेशी स्वामित्व वाली कंपनी के साथ कोई संयुक्त उद्यम है ;

III. यदि यह एक स्थानीय कंपनी है, तो क्या यह एक निजी स्वामित्व वाली कंपनी है, एक राज्य के स्वामित्व वाली कंपनी अथवा स्थानीय/क्षेत्रीय प्राधिकरणों के स्वामित्व वाली कंपनी है। यदि यह एक ऐसी कंपनी है, तो राज्य अथवा स्थानीय/क्षेत्रीय प्राधिकरणों के आंशिक स्वामित्व की है, तो यह स्पष्ट करें कि राज्य अथवा स्थानीय/क्षेत्रीय प्राधिकरण किस सीमा तक शामिल हैं ;

IV. क्या यह एक स्थानीय/क्षेत्रीय प्राधिकारी है, ब्यौरा प्रदान करें ;

(ग) प्रत्येक उपयोगी वस्तु (युटिलिटी) जैसे कोयला, बिजली, पानी तथा तेल के लिए आपूर्तिकर्ताओं के नाम और पते उपलब्ध कराएं। क्या वे इन उपयोगी वस्तुओं का प्रभार सामान्य दर पर होता है अथवा क्या कोई विशेष अथवा रियायती दर प्रभारित की जाती है। अपने दावे के समर्थन के लिए साक्ष्य प्रदान करें। प्रत्येक उपयोगी वस्तु के लिए क्या दर प्रभारित की जाती है।

(घ) क्या उत्पादक द्वारा उपयोग में लाई गई कच्ची सामग्रियों के आयातों पर प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष के रुप में कोई प्रतिबंध अथवा शर्त है। यदि हां तो इन प्रतिबंधों अथवा शर्तों का उल्लेख करें। ऐसे दस्तावेजों की एक प्रति (एक अंग्रेजी अनुवाद की प्रति सहित) प्रदान करें, जिसमें इन प्रतिबंधों अथवा शर्तों का ब्यौरा दिया गया है और संगत प्रावधान का उल्लेख करें।

4. **<u>बिक्रियां</u>**

(क) कीमतों/ मात्राओं के निर्धारण में कोई स्थानीय/क्षेत्रीय प्राधिकरण अथवा राज्य की भागीदारी स्पष्ट करें। दस्तावेजों की एक प्रति (एक अंग्रेजी अनुवाद की प्रति सहित) प्रदान करें, जिसमें ऐसी भागीदारी का उल्लेख हो और संगत प्रावधानों का उल्लेख करें।

(ख) यह उल्लेख करें कि कंपनी भारत और अन्य देशों को अपना माल निर्यात करने के लिए कीमत का निर्धारण कैसे करती है। क्या आपकी कंपनी उपभोक्ताओं के साथ सीधे कीमतों पर मोल भाव करती है। क्या ये कीमतें किसी सरकारी संगठन/ निकाय से समीक्षा अथवा मार्गनिर्देशन के अध्यधीन है। कीमत के मोल भाव के साक्ष्य प्रदान करें।

(ग) क्या कंपनी कीमतों के निर्धारण अथवा सेवा बाजार के निर्धारण में अन्य निर्यातकों के साथ समन्वय करती है। चैम्बर ऑफ कॉमर्स कंपनी के निर्यात क्रियाकलापों के समन्वयन में क्या भूमिका अदा करता है?

(घ) यह उल्लेख करें कि कैसे कंपनी भारत और अन्य देशों से बिक्रियों में मोल भाव करती है। कंपनी में किसके पास यह प्राधिकार है कि माल बेचने के लिए कंपनी को संविदात्मक रूप से बाध्य कर सके। क्या कंपनी से बाहर कोई संगठन बिक्री सौदों (अर्थात कीमत, बिक्री किए जाने वाले उत्पाद, उपभोक्ता) के किसी पहलू की समीक्षा अथवा अनुमोदन करता है? यदि हा तो संगठन की पहचान करें और संगठन की भूमिका को स्पष्ट करें।

इन कीमतों/मात्राओं के निर्धारण में स्थानीय/क्षेत्रीय प्राधिकरण अथवा राज्य की भागीदारी स्पष्ट करें। उन भागीदारियों का निर्धारण करने संबंधी दस्तावेजों की प्रति (एक अंग्रेजी अनुवाद की प्रति सहित) प्रदान करें और संगत प्रावधानों का उल्लेख करें।

5. **<u>औद्योगिक सम्पत्ति अधिकार और कानूनी अपेक्षाएं</u>**

(क) किसी अन्य कंपनी, प्राधिकरण अथवा सरकार के साथ (राष्ट्रीय, क्षेत्रीय अथवा स्थानीय) संबंधित उत्पाद के लिए आरएंडडी, उत्पादन, बिक्रियों, लाइसेंस, तकनीकी और पेटेंट करारों के संबंध में संयुक्त उद्यमों सहित संविदात्मक संबंधों को स्पष्ट

करें। करारों की प्रतियां उपलब्ध कराएं और साथ में अंग्रेजी अनुवाद की एक प्रति प्रस्तुत करें।

(ख) उपरोक्त किसी भी संबंध में किसी रॉयल्टी अथवा अन्य भुगतानों की एक सूची प्रदान करें और उनकी राशि का उल्लेख करें।

(ग) संबंधित उत्पाद के उत्पादन, बिक्री अथवा निर्यात के लिए कंपनी को अपेक्षित सभी प्राधिकारों की सूची दें और उन्हें स्पष्ट करें। क्या कंपनी इन क्रियाकलापों में किसी भी क्रियाकलाप के लिए किसी प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष मात्रा अथवा अन्य प्रतिबंध के अध्यधीन है? कारोबारी लाइसेंस, पंजीकरण और संगत अनुमतियों की प्रति प्रदान करें। कृपया स्पष्ट करें कि किन परिस्थितियों में ऐसा लाइसेंस और/अथवा पंजीकरण वापस लिया जा सकता है।

(घ) स्पष्ट करें कि कंपनी के प्रबंधन का चुनाव किस प्रकार से किया जाता है। यदि कंपनी को निदेशकों/प्रबंधकों की नियुक्ति के बारे में किसी सरकारी प्राधिकरण को अधिसूचित करना हो तो ऐसी अधिसूचना के प्रयोजन सहित तत्संबंधी ब्यौरा दें।

(ङ) ऐसे व्यक्तियों की पहचान करें जो वर्तमान में कंपनी का प्रबंधन करते हैं और यह स्पष्ट करें कि वे इन पदों के लिए कैसे चुने गए थे। साथ ही ऐसे पद की पहचान करें कि जो कंपनी में उनकी वर्तमान प्रबंधन की भूमिका का अनुमान लगाने से पूर्व धारण किया हुआ था।

(च) क्या कंपनी के निर्यात राजस्वों के उपयोग पर कोई प्रतिबंध है? यदि हां तो स्पष्ट करें कि कब बैंक के खाते में निर्यात की आय जमा की गई है:

(i) किसके नाम से खाता रखा है ?
(ii) खाते को कौन नियंत्रित करता है ?
(iii) खाते तक किसकी पहुँच है ?

(छ) स्पष्ट करें कि कैसे कंपनी के निर्यात लाभ की गणना की जाती है? इन लाभों की स्थिति क्या है और कौन यह निर्णय करता है कि लाभों का उपयोग कैसे किया जाएगा?

(ज) क्या कंपनी को विगत 5 वर्षों में निर्यात बिक्री पर किसी हानि का सामना करना पड़ा है? यदि हां तो उस हानि को कैसे वित्तपोषित किया गया? यदि कंपनी ने किसी बैंक

से ऋण लिया अथवा किसी बैंक से ऋण लेने का प्रयास किया है तो ऋण आवेदन की प्रक्रिया का उल्लेख करें।

6. **दिवालियापन और सम्पत्ति कानून**

(क) कंपनी के लिए लागू दिवालियापन और सम्पत्ति कानूनों का उल्लेख करें। स्पष्ट करें कि इन कानूनों के तहत कंपनी अथवा कारोबारी क्षेत्र ने कोई विशेष लाभ या छूट प्राप्त की।

(ख) यह बताएं कि क्या कंपनी लाभों के वितरण/वापसी और निवेश की गई पूंजी की वापसी के संबंध में किसी प्रतिबंध के अध्यधीन है। यदि हां तो जहां ऐसे प्रतिबंध तय किए गए हैं, उन दस्तावेजों की प्रति सहित ब्यौरे प्रदान करें (अंग्रेजी अनुवाद सहित) और संगत प्रावधानों का उल्लेख करें।

7. **श्रम**

(क) उल्लेख करें कि उत्पादन के प्रयोजनों के लिए श्रमिकों को कैसे संगठित किया जाता हैं। कितने कुशल कामगार, अकुशल कामगार, प्रबंधक इत्यादि लगाए गए हैं? जांच की अवधि में इन श्रेणियों में प्रत्येक को औसतन कितनी मजदूरी भुगतान की जाती है?

(ख) कंपनी के कर्मचारियों को कैसे पारिश्रमिक दिया जाता है (अर्थात वेतन, समयोपरि वेतन, कंपनी कार, अवकाश भत्ता इत्यादि सहित पारिश्रमिक के सभी घटकों का विस्तार से उल्लेख करें)।

(ग) पारिश्रमिक कितनी बार दिया जाता है ? अंतिम अनुरोध के लिए कानूनन संस्था कौन है? क्या कंपनी के कर्मचारी अथवा उनके परिवार के दल अन्य सुविधाओं, जैसे मकान, चिकित्सा, देख-रेख, पेंशन, शिक्षा इत्यादि से लाभान्वित होते हैं? यह स्पष्ट किया जाए कि इन सुविधाओं के लिए कौन भुगतान करता है?

(घ) यदि कंपनी में विदेशी कर्मचारी नियोजित किए गए हैं, तो अंतिम अनुरोध किस स्थान पर किया जाता है।

(ङ) कर्मचारियों को काम पर रखने अथवा उन्हें काम से मुक्त करने के लिए क्या प्रक्रिया है, विस्तार से ब्यौरा दें ? यह भी उल्लेख करें कि अंतिम निर्णय की जिम्मेदारी किसकी है?

8. <u>लेखा</u>

(क) वित्तीय विवरण

I. कंपनी द्वारा किस वित्तीय वर्ष का अनुसरण किया गया है, बताएं।

II. हर वर्ष शासकीय प्रयोजन के लिए कौन-सा लेखांकन दस्तावेज दर्ज कराना पड़ता है? इन दस्तावेजों के शासकीय पंजीकरण में कौन-सा प्राधिकरण शामिल है ?

III. पूरा वित्तीय विवरण (तुलन-पत्र, लाभ व हानि विवरण, सहायक अनुसूचियां, वित्तीय विवरणों की टिप्पणियां, लेखा परीक्षकों की राय) मूल भाषा में और इसका अंग्रेजी में अनुवाद, दोनों उपलब्ध कराएं। लेखा परीक्षक का नाम व पता (यदि कोई हो) उपलब्ध कराएं।

IV. यदि वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा नहीं की गई है, तो स्पष्टीकरण के साथ कारण बताएं। क्या कोई कानूनी अपेक्षा है कि लेखाओं की लेखा-परीक्षा पूर्ण अथवा आंशिक की जाएगी?

V. लेखा परीक्षकों द्वारा लगाई गई सभी शर्तों की सूची दें और यह स्पष्ट करें कि ये शर्तें वस्तुगत क्यों नहीं हैं।

VI. यदि कंपनी वेट के संबंध में कर विवरणी दाखिल करती है तो उसका ब्यौरा दें।

9. <u>लेखांकन सिद्धांत और प्रथा</u>

(क) सांविधिक अपेक्षाएं और मूलभूत लेखांकन सिद्धांत

I. बहियां और अभिलेख

लेखा संदर्भों, आवश्यक सांविधिक अपेक्षाओं जैसे भाषा और मुद्रा, जिसमें लेखों को रखा जाना है और अवधि, जिसके लिए लेखांकन अभिलेख और अन्य दस्तावेज (अर्थात महत्वपूर्ण संविदाएं, करार, संगम अनुच्छेद, बोर्ड की बैठक के कार्यवृत्त, वित्तीय विवरण, तथा लेखा परीक्षा रिपोर्ट) रखे जाने हैं, उनका संक्षिप्त विवरण दें।

II. लेखांकन की पद्धति और सामान्य सिद्धांत

यदि वित्तीय विवरणों में उल्लेख नहीं किया गया हो तो संक्षेप में सामान्य लेखांकन सिद्धांतों और कंपनी की प्रथाओं का ब्यौरा दें । विस्तार से बताएं कि कैसे लेखों से मूल्यांकन तरीकों की निरंतरता, परिसंपत्तियों व देनदारियों की पृथक पहचान, मूल्यांकन दूरदर्शिता, सिद्धांतों पर चलने जैसे मामलों का समाधान लेखाओं से कैसा होता है।

(क) लेखांकन सिद्धांतों के स्रोत

कृपया स्पष्ट करें कि किसने लेखांकन नियम तय किए, किस कंपनी को लेखांकन विनियमों तथा विनियामक निकायों के मानकों (अर्थात वित्त मंत्रालय, कर प्राधिकरणों, प्रतिभूति विनियमों इत्यादि) का पालन करना है। कृपया इन नियमों की सूची दें।

(ख) विशिष्ट लेखांकन सिद्धांत और प्रथाएं

यदि ये वित्तीय लेखों द्वारा कवर नहीं होते हैं तो नीचे सूचीबद्ध वस्तुओं के संबंध में लेखांकन सिद्धांतों और प्रथाओं का संक्षिप्त में ब्यौरा दें।

III. परिसंपत्ति मूल्यांकन

प्रमुख अचल और अमूर्त परिसंपत्तियों के लिए प्रयुक्त मूल्यह्रास और परिशोधन की पद्धति को स्पष्ट करें और अधिग्रहण का मूल्य तथा वर्तमान बही मूल्य स्पष्ट करें। प्रत्येक मामले में यह स्पष्ट करें कि कैसे परिसंपत्ति प्राप्त की गई थी (अर्थात खुले बाजार से खरीदी, किसी शेयरधारक द्वारा कंपनी को हस्तांतरित की गई, राज्य अथवा किसी तीसरी कंपनी द्वारा निःशुल्क अथवा छूट पर दी गई)। यदि उपरोक्त परिसंपत्तियों के मूल्यांकन में परिवर्तन हुआ हो तो कृपया स्पष्ट करें कि किस आधार पर परिवर्तन हुआ है और मूल्यांकन में परिवर्तन के लिए कारण दें। वर्तमान बही कीमत पर प्रभाव की मात्रा बताएं।

उत्पादन और/अथवा वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए प्रयुक्त सभी सुविधाओं (भूमि, भवन और मशीन), जो कंपनी के स्वामित्व में नहीं है, की सूची दें। पट्टे अथवा किराए के लिए अनुबंधों की प्रतियां प्रदान करें।

IV. ऋण और सब्सिडी

कंपनी द्वारा जांच की अवधि के अंत तक धारित चालू ऋणों की एक सूची प्रदान करें। ऋण राशि, अदायगी की किश्तें और ब्याज दर का ब्यौरा दें। स्पष्ट करें कि क्या कंपनी को विशेष ऋण अथवा सब्सिडी योजनाओं (अर्थात अधिमान्य ब्याज दर और विस्तारित भुगतान अवधि, रियायती ऊर्जा आपूर्ति इत्यादि) से लाभ हुआ है।

V. विदेशी मुद्रा लेन-देन

(क) इनपुट, निर्यात बिक्री प्राप्ति के अंतरण तथा लाभों की वापसी के लिए विदेशी विनिमय दर कौन तय करता है।

(ख) स्पष्ट करें कि क्या विदेशी मुद्रा के उपयोग/परिवर्तन के लिए कंपनी पर कोई सीमा लागू होती है। यदि आपकी कंपनी के पास विदेशी विनिमय खाता है तो संगत प्राधिकरण से आवेदन के अनुमोदन की प्रति (एक अंग्रेजी अनुवाद की प्रति सहित) प्रदान करें।

(ग) कंपनी भारत और अन्य देशों को संबद्ध माल की बिक्री पर अर्जित विदेशी मुद्रा के साथ क्या करती है?

(i) यदि अर्जित विदेशी मुद्रा (अथवा इसके कुछ हिस्से) को सरकार को बेचा जाए तो क्या विनिमय दर लागू होगी?

(ii) यदि अर्जित विदेशी मुद्रा (अथवा इसके कुछ हिस्से) को सरकार द्वारा रखा जाना हो, तो उस विदेशी मुद्रा के उपयोग पर यदि कोई प्रतिबंध हो तो उसका ब्यौरा दें।

VI. वस्तु विनिमय व्यापार/प्रति व्यापार

क्या कंपनी उपस्कर (विदेशी) सेवा अथवा वस्तुओं के लिए वस्तु या माल के विनिमय से संबंधित वस्तु विनिमय व्यापार अथवा प्रति व्यापार (काउंटर ट्रेड) में कभी शामिल रही है? कृपया तत्संबंधी ब्यौरा दें और प्रयुक्त लेखांकन पद्धति को स्पष्ट करें।

VII. प्रतिपूर्ति-व्यापार/उत्पाद की प्रति खरीद

यह स्पष्ट करें कि क्या कंपनी किसी समय ऐसे प्रतिपूर्ति व्यापार (जिसे उत्पाद की प्रति-खरीद के नाम से भी जाना जाता है) में शामिल रही है, जिसमें कोई कंपनी (विदेशी) मशीनरी और उपस्कर प्रदान करती है, जिसके लिए उसे सामान्यतः उत्पादित वस्तुओं के रूप में भुगतान प्राप्त होता है। यह स्पष्ट करें कि क्या यह भुगतान ऋणों के रूप में या किश्तों में बिक्री के रूप में संरचित किया गया था। प्रयुक्त लेखांकन पद्धतियों को स्पष्ट करें।

****